10:04
22.4.2025

**मुख्य विकास अधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 17.04.2025 को विकास भवन सभागार, अलीगढ़ जिले के विकास खण्ड खैर, टप्पल, गोण्डा एवं इगलास में ''जल जीवन मिशन'' योजनान्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

मुख्य विकास अधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17.04.2025 को विकास भवन, सभागार, अलीगढ़ में ''जल जीवन मिशन'' योजनान्तर्गत सम्पन्न समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे:-

1. मुख्य विकास अधिकारी,अलीगढ़।
2. खण्ड विकास अधिकारी, खैर, गोण्डा एवं इगलास अलीगढ़।
3. श्री कैलाश चन्द्र, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
4. श्री अनिल कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),अलीगढ़।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
6. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
7. श्री राजवर्धन शर्मा, परियोजना निदेशक, मैसर्स-आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
8. श्री गौरव शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0।
9. श्री ग्यान प्रकाश, परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू (जे0एम0सी0)।
10. समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी अलीगढ़।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में **''जल जीवन मिशन''** के अन्तर्गत जनपद-अलीगढ में सूचीबद्ध फर्मो क्रमशः 1-मैसर्स-आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़, 2-मैसर्स कल्पतरू (जे0एम0सी0), अलीगढ़ एवं 3-मैसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटैक लि0, अलीगढ़ द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नानुसार निर्देशित किया गया :-

1. **मै0 ऑयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0**:-जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई, अवगत कराया गया है कि उपरोक्त 4 विकास खण्डों में फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है और धीमी है। फर्म के पास मैन पावर की कमी होने के कारण 56 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 40 नग अवर जलाशयों पर ही कार्य प्रारम्भ किया जा सका है, जिसमें से मात्र 10 स्थानों पर अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी को उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिन पर वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। ऑयन एक्सचैंज के परियोजना निदेशक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 15 मई 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 20 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति की जा रही है इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अन्य योजनाओं जिन पर पाइप लाइन एवं एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी योजनाओं पर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त 29,333 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 23,678 गृह जल संयोजन ही किये गये हैं। जिसपर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना निदेशक को प्रतिदिन 300 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 73 राजस्व ग्रमों में से 47 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिसपर महोदय द्वारा सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारियों को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण कराकर आख्या प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही उक्त विकास खण्डों से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समय-समय पर योजनाओं का भ्रमण करते हुए, निरन्तर पेयजलापूर्ति, पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य, गृह जल संयोजन एवं अवर जलाशयों में युद्धस्तर पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई को आदेशित किया गया है कि फर्म द्वारा कराये जा रहे गृह जल संयोजन की साप्ताहिक सूचना समीक्षा उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

2. **मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0**:- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 4 विकास खण्डों गोण्डा, इगलास, खैर एवं टप्पल में फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई इस

सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि उपरोक्त 4 विकास खण्डों में फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार नहीं है, फर्म द्वारा वर्तमान तक 71 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 69 नग अवर जलाशयो पर ही कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसमें से मात्र 3 स्थानों पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा सका है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निदेर्शित किया गया है जिन पर वर्तमान तक फर्म द्वारा अवर जलाशयों का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। मै0 के0पी0टी0एल0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 15 मई 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐेजेन्सी के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त 4 विकास खण्डों में कुल 106 राजस्व ग्रामों में से 80 राजस्व ग्रामों में निरन्तर जलापूर्ति की जा रही है इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि अन्य योजनाओं जिनपर पाइप लाइन एवं गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी योजनाओं पर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 34442 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 30270 गृह जल संयोजन प्रदान किये गये हैं। जिसपर महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को प्रतिदिन 200 गृह जल संयोजन प्रदान करने के आदेश दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 106 राजस्व ग्रमों में स 88 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिसपर महोदय द्वारा सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारियों को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण कराकर आख्या प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही उक्त विकास खण्डों से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समय-समय पर योजनाओं का भ्रमण करते हुए पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रैंच के पुर्नस्थापन, निरन्तर पेयजलापूर्ति, गृह जल संयोजन एवं अवर जलाशयों पर समीक्षा कर फर्म की मैन पॉवर बडाते हुए युद्वस्तर पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई को आदेशित किया गया है कि फर्म द्वारा कराये जा रहे गृह जल संयोजन की साप्ताहिक सूचना समीक्षा उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

3. **<u>मै0 पी0एन0सी0 लि0</u>:-** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 4 विकास खण्डों गोण्डा, इगलास, खैर एवं टप्पल में फर्म की प्रगति रिपोर्ट पी0पी0टी0 (प्रिजेन्टेशन) के माध्यम से प्रदर्शित की गई इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि उपरोक्त 4 विकास खण्डों में फर्म की प्रगति शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कम है विशेषकर इन 4 विकास खण्डों में फर्म द्वारा निर्माणाधीन अवर जलाशयों की प्रगति कम है। फर्म द्वारा वर्तमान तक 104 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष मात्र 85 नग अवर जलाशयों पर ही कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसमें से मात्र 2 स्थानों पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा सका है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए उन योजनाओं को चिन्हित किये जाने हेतु निदेर्शित किया गया है जिन पर वर्तमान तक फर्म द्वारा अवर जलाशयों का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। जिसपर मै0 पी0एन0सी0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा आश्वस्त किया गया कि 30 अप्रैल 2025 तक समस्त शेष योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐेजेन्सी के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त 4 विकास खण्डों में कुल 163 राजस्व ग्रामों में से 28 राजस्व ग्रामों में निरन्तर जलापूर्ति की जा रही है इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए आदेशित किया गया कि अन्य योजनाओं जिनपर पाइप लाइन एवं गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी योजनाओं पर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त 69538 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 55345 गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है इस विषय पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी चाही गयी कि जब सम्बन्धित विकास खण्डों में फर्म द्वारा लगभग 93 प्रतिशत गृह जल संयोजन करा दिये गये है तो इसके सापेक्ष निरन्तर पेयजलापूर्ति किये जा रहे ग्रामों की संख्या अत्यन्त कम होने का कारण क्या है जिसपर फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि लीकेज एवं अन्य कारणों से कुछ ग्रामों में निरन्तर पेयजलापूर्ति नही हो पा रही है और इसकी गति को बढाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को प्रतिदिन 200 गृह जल संयोजन प्रदान करते हुए अपने लक्ष्य को पूर्ण करने के आदेश फर्म के परियोजना प्रबन्धक को दिये गये। साथ ही जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा वर्तमान तक कुल 163 राजस्व ग्रमों में से 130 राजस्व ग्रामों पर पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रैंच की पुर्नस्थापन का कार्य करा लिया गया है जिसपर महोदय द्वारा सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारियों को उक्त राजस्व ग्रामों का निरिक्षण कराकर आख्या प्रस्तुत करने को निर्देशित किया

गया है। साथ ही उक्त विकास खण्डों से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समय–समय पर योजनाओं का भ्रमण करते हुए पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी ट्रैंच के पुर्नस्थापन, निरन्तर पेयजलापूर्ति, गृह जल संयोजन एवं शिरोपरि जलाशयों पर मैन पॉवर बडाते हुए युद्वस्तर पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई को आदेशित किया गया है कि फर्म द्वारा कराये जा रहे गृह जल संयोजन की साप्ताहिक सूचना समीक्षा उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सभी फर्मों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 30.04.2025 तक उन योजनाओं की सूची उपलब्ध करायें जिन योजनाओं पर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा साथ ही उन सभी योजनाओं पर निरन्तर पेयजलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही विकास खण्ड खैर एवं टप्पल के जूनियर इंजीनियर श्री भरत शर्मा को अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने हेतु चेतावनी पत्र देने हेतु अद्योहस्ताक्षरी को आदेशित किया गया एवं सभी सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को खण्ड विकास अधिकारी, से समन्वय स्थापित कर जल जीवन मिशन के कार्यो में तीव्रता लाने को आदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी फर्मों को उन स्थानों पर जहां ट्यूबवैल बोरिंग इत्यादि शेष है य खारा पानी पाये जाने के कारण नवीन भूमि का चिन्हांकन किया जाना है उन सभी योजनाओं पर ई0आर0टी0 टैस्ट के माध्यम से भूमि के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही जिन स्थानों पर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन सभी स्थानों को तत्पश्चात मोटरेबल किया जा चुका है एवं यथाशीघ्र पाइप लाईन टेस्टिंग कराते हुये काटी गयी ट्रैंच के पुर्नस्थापन का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त फर्मों को उन योजनाओं को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया जिन पर 80–प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है तथा आगामी समय में "हर घर जल" प्रदर्शित कराया जाना प्रस्तावित हैं। बैठक में उपस्थित सभी आई0एस0ए0 संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई को महोदय द्वारा आदेशित किया गया है कि विकास खण्ड स्तर पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराई जा रही समस्त प्रचार–प्रसार की गतिविधियों को खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कराया जाना सुनिश्चित करें और इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी, महोदय को भी समय–समय पर अवगत करायें।

21/4/2025

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।**

पत्रांक– 641 / शिवि0/ अनु0 शा0/ 25 दिनांक– 21-4-2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
6. जिला पंचायतराज अधिकारी, अलीगढ़।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद–अलीगढ़।
8. खण्डान्तर्गत समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना एवं अनुश्रवण इकाई, अलीगढ़।
10. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, मै0 आरवी एसोसियेट, अलीगढ़।
11. परियोजना निदेशक, मैसर्स– आयन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
12. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0, अलीगढ़।
13. परियोजना प्रबन्धक, मै0 कल्पतरू जे0एम0सी0, अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता